# छात्र-छात्राओं को वितरित किये गये स्मार्ट फोन



स्मार्ट फोन दिखाते छात्र-छात्रायें।

कानपुर, 20 मार्च। उत्तरप्रदेश सरकार की ओर से संचालित स्वामी विवेकानंद स्मार्टफोन टैबलेट योजना के अंतर्गत स्कूल ऑफ़ लाइफ साइंस एंड बायोटेक्नोलॉजी सीएसजेएमयू के ऑडिटोरियम में छात्र- छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किये गए। छात्रों को मोबाइल मिलने से उनके चेहरे खिल उठे। युवा शक्ति के लिए यह प्रयास अत्यंत ही प्रशंसनीय है। उत्तरप्रदेश सरकार की योजना छात्रों की प्रगति के लिए बहुत ही उपयोगी है। उत्तरप्रदेश सरकार के इस प्रयास से छात्रों को ऑनलाइन क्लास पढ़ने में तथा ऑनलाइन कंटेंट लिखने एवं सीखने में अत्यंत सहायता प्राप्त होगी। मुख्य अतिथि प्रति कुलपति प्रो सुधीर कुमार अवस्थी, प्रो नंदलाल, प्रो नीरज कुमार सिंह निदेशक प्रो वर्षा गुप्ता, सहायक निदेशक डॉ आलोक पांडे, नोडल अधिकारी डॉ अखिलेद्र भारती आदि मौजूद रहे।